

अखबार नहीं आंदोलन

# प्रभात खबर

कोलकाता, मंगलवार


6.09.2022

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

prabhatkhabar.com

स्पोर्ट्स | 10

अर्शदीप सिंह पर है भारतीयों को भरोसा



देश-विदेश | 09

लिज ट्रस चुनी गयीं ब्रिटेन की नयी प्रधानमंत्री

इन दिनों | 08

तालिबान शासन के एक वर्ष अस्थिर अफगानिस्तान




## डी पी एस आसनसोल में मनाया गया शिक्षक दिवस



**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल, आसनसोल में छात्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त किया. छात्रों ने रोली-तिलक लगा कर तथा पुष्प व हस्तनिर्मित कार्ड्स भेंट कर अध्यापकों का आभार व्यक्त कर आशीर्वाद प्राप्त किया. कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत अध्यापक अभिनंदन हेतु सुमधुर गीत प्रस्तुति से हुआ. शास्त्रीय, पाश्चात्य व भांगड़ा जैसे नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों से छात्रों ने सभी को मंत्रमुग्ध किया. प्रधानाचार्य आर.डी. शर्मा ने छात्रों के कार्यक्रम की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि शिक्षक हमें आनेवाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं. देश के वास्तविक शिल्पकार शिक्षक ही होते हैं. प्राचार्य ने छात्रों को देश का कर्णधार बताते हुए उनका हौसला बढ़ाया.